दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 09 अप्रैल 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 189

महत्वपूर्ण एवं खास

कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 38 हुई

पटना (आरएनएस)। बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित छह नए मामले सामने आए हैं, जिससे बिहार में कोरोना पॉजिटिव की संख्या 38 हो गई है। इस क्रम में हालांकि राहत वाली बात है कि इसमें 15 मरीज इलाज के बाद ठीक भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बिहार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान जो छह नए मामले सामने आए हैं, उसमें चार सीवान के जबकि दो बेगूसराय जिले के हैं। उन्होंने बताया कि सीवान के रहने वाली 45 और 22 वर्ष की आयु की दो महिलाओं को कोरोना वायरस संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ये दोनों उन संक्रमित मरीज के संपर्क में आई थीं, जो मध्य-पूर्व की यात्रा कर 21 मार्च को लौटे थे। इसके अलावे सीवान में एक ही परिवार के 20 साल की लड़की और 26 साल के युवक को भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

मोदी ने हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। भक्ति, शक्ति, अर्पण और अनुशासन के प्रतीक पवनपुत्र का जीवन हमें हरिस का सामना करने और उसे पार पाने की प्रेरणा देता है।

लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले 3633 पकड़ाए

नईदिल्ली (आरएनएस)। लाख कोशिशों और कोरोना के कोहराम के बाद भी दिल्ली वाले लॉकडाउन की अहमियत समझने को राजी नहीं दिखते। दिल्ली पुलिस के आंकड़ो पर अगर नजर डाली जाये तो एक ही दिन में ऐसे 3633 लोगों के खिलाफ मंगलवार को कानूनी कार्यवाही की गयी। दिल्ली पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को शाम पांच बजे तक आईपीसी की धारा 188 के तहत 183 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गयी। जबकि 66 दिल्ली पुलिस एक्ट के तहत 450 वाहन भी जब्त किये गये।

राजधानी में कोरोना मरीजों की संख्या 576 हुई

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में कोरोना वायरस लगातार फैलता जा रहा है और 51 नये मामलों के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 576 और नौ की मौत हो चुकी है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की बुधवार की जानकारी के अनुसार 51 नये मामलों में 35 विदेश यात्रा से संबंधित और चार निजामुद्दीन मरकज से हैं। दिल्ली में मरकज से जुड़े कुल मामले 333 हो गये है। राजधानी में कोराना मरीजों में से 35 गहन चिकित्सा और आठ वेंटिलेटर पर हैं।

वेतन कटौती के बाद अब निर्वाचण क्षेत्र-कार्यालय भत्ता पर भी लगी रोक

» कोरोना से जंग, सांसदों को लगा तीसरा झटका

नई दिल्ली (आरएनएस)। कोरोना के खिलाफ जंग में सांसदों को बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। एक साल तक वेतन में 30 फीसदी की कटौती, दो साल के लिए सांसद निधि योजना स्थगित करने के बाद अब सरकार ने सांसदों को निर्वाचण क्षेत्र और कार्यालय भत्ता के रूप में मिलने वाले प्रतिमाह 27000 रुपये पर रोक लगाने का फैसला किया है। इस प्रकार एक सांसद को हर महीने मिलने वाले वेतन और भत्ते में 57000 रुपये की कटौती झेलनी होगी। बताया जा रहा है कि संसद की संयुक्त समिति के साथ विचार विमर्श के बाद सरकार ने इस आशय का फैसला लिया है। वेतन की तरह इन भत्ते में भी अगले एक साल तक कटौती की जाएगी। हालांकि समिति ने सांसदों के दूसरे भत्तों और सुविधाओं को जारी रखने का फैसला लिया है।

सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी ने लॉकडाउन बढ़ाने के लिए स्पष्ट संकेत

» लॉकडाउन बढ़ाकर दी जाएगी कोरोना को मात

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में कोरोना संकट पर चर्चा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आज विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सर्वदलीय बैठक की, जिसमें विपक्षी दलों की राय और राज्यों से मिली रिपोर्ट के आधार पर पीएम मोदी ने लॉकडाउन बढ़ाने के संकेत दिए।

हालांकि 11 अप्रैल को पीएम मोदी एक बार फिर से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करके लॉकडाउन को लेकर अंतिम निर्णय लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के सांसद प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस दौरान लोकसभा और राज्यसभा में 5 सदस्यों से अधिक सांसदों वाली पार्टियों के नेताओं से उन्होंने बात की। इससे पहले पीएम अलग-अलग क्षेत्र के लोगों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात कर चुके हैं।

इनमें मेडिकल, मीडिया, समाजसेवा, बिजनेस समेत अन्य तबकों के कई लोग शामिल रहे हैं। बैठक में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब देशवासियों में लॉकडाउन को लेकर चर्चा जोरों पर है। लॉकडाउन की अवधि को बढ़ाया जाएगा या नहीं, इस पर लोगों की पैनी नजर है। हालांकि केंद्र सरकार की तरफ से लॉकडाउन को बढ़ाने को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, मगर ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इस पर आखिरी फैसला शनिवार को लिया जा सकता है।

पीएम की बैठक में ये नेता हुए शामिल

कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद, टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय, शिवसेना के संजय राउत, बीजेडी के पिनाकी मिश्रा, एनसीपी के शरद पवार, एसपी से रामगोपाल यादव, शिरोमणि अकाली दल से सुखबीर सिंह बादर, बीएसपी से सतीश चंद्र मिश्रा, वाईएसआर कांग्रेस से विजय साई रेड्डी और मिथुन रेड्डी, जेडीयू से राजीव रंजन सिंह समेत कई नेताओं ने इसमें भाग लिया। पहले कहा जा रहा था कि पीएम मोदी की इस बैठक में हिस्सा नहीं लेगी। लेकिन पार्टी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय भी इसमें शामिल हुए। पीएम मोदी ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, कई नेताओं से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बात कर कोरोना महामारी रोकने के लिये सरकार के प्रयासों की जानकारी दी थी।

आवश्यक सूचना

आप सभी सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि विश्वव्यापी महामारी के कारण से सम्पूर्ण भारत में लॉक-डाउन है और अखबार के सम्बंधित सामान की अनुप्लब्धता भी अब बन रही है। ऐसी स्थिति में हमारे दैनिक न्याय साक्षी समाचार पत्र के प्रकाशन को दिनांक 10/04/2020 से लॉक-डाउन के खुलने तक, रोका जा रहा है, सुधि पाठकों को होने वाली परेशानी पर हमें खेद है। घर पर रहें, सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहे।

संपादक दैनिक न्याय साक्षी
समाचार पत्र
रायगढ़

कोरोना की मुफ्त जांच सुनिश्चित करे सरकारः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। देशभर में कोरोना का कहर जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना की जांच को लेकर निजी लैब द्वारा लिये जा रहे 4,500 रुपये को लेकर कहा है कि ये अपनी मनमानी से पैसे नहीं वसूल सकते। अदालत ने बुधवार को कहा निजी लैब को कोरोना जांच के लिए पैसे लेने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। हम इस मामले पर आदेश पारित करेंगे।

जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा हम निजी लैब को कोविड-19 के परीक्षण के लिए पैसे वसूलने की अनुमति

नहीं देते हैं। सरकार को इसकी जांच मुफ्त में करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल जनरल तुषार मेहता को सुझाव देते हुए कहा कि निजी लैब को जांच के लिए ज्यादा शुल्क न दें। कोई ऐसा तंत्र विकसित करें जिसके तहत निजी लैब के टेस्ट राशि को सरकार वापस कर सके। सॉलिसिटर जनरल ने जवाब देते हुए कहा कि वो इस मामले में उचित कदम उठाएंगे। सरकार अपनी तरफ से हर संभव प्रयास रही है। उन्होंने कहा कि 118 प्रयोगशालाओं में रोजाना 15 हजार टेस्ट हो रहे थे। इन 47 निजी प्रयोगशालाओं को जोड़ा गया। पता नहीं कितनी और चाहिए होंगी। अभी ये भी पता नहीं है कि लॉकडाउन कब तक चलेगा। बता दें 31 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी।

अब 9वीं और 10वीं के विद्यार्थी चुन सकेंगे अपनी मर्जी के विषय

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 9वीं और 10वीं कक्षा में छात्रों को विषय चुनने का विकल्प दिया है। सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए सीबीएसई द्वारा इस आशय का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों को इन 9 विषयों में से अभी के मौजूदा पांच विषय, अनिवार्य विषय के रूप में दिए जाएंगे। पांच अनिवार्य विषयों के अलावा छठा विषय कौशल (स्किल्ड एजुकेशन) से जुड़ा है। सातवां विषय तीसरी भाषा के तौर पर छात्र ले सकते हैं। आर्ट एजुकेशन, हेल्थ और फिजिकल एजुकेशन और वर्क एक्सपीरियंस को आठवें और नौवें पाठ्यक्रम विषय के तौर पर लिया जा सकता है। आठवें और नौंवे विषय का आंतरिक मूल्यांकन स्कूल स्तर पर किया जाएगा। सभी विषयों को ग्रुप वाइज रखा गया है। अब छात्र ग्रुप के अनुसार ही अपने विषयों का चयन कर पाएंगे। यह सुविधा मिलने से छात्रों को मुख्य विषय, वैकल्पिक विषय और भाषा विषय को चुनने में मदद मिलेगी। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, छात्रों को विषयों को चुनने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विषयों का चयन करने के लिए छात्र अपने अभिभावकों, वरिष्ठ साथियों या शिक्षकों पर निर्भर रहते हैं।

प्रदेश में 60 नए पीड़ितों सहित संख्या 1078 हुई, 66 लोगों की मौत

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के मामले एक हजार के पार पहुंच गए. महाराष्ट्र में बुधवार को 60 नए केस आए जिसके साथ ही यह संख्या बढ़कर 1078 हो गई. राज्य में कोरोना वायरस से 66 लोगों की मौत हो गई है. मुंबई में इस समय 642 लोग कोरोना से संक्रमित हैं. बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संक्रमण से मंगलवार को पांच लोगों की मौत हुई है. अभी तक शहर में 40 लोगों की मौत कोविड-19 से हुई है। उसमें कहा गया है कि संख्या में इतनी वृद्धि इसलिए हुई है क्योंकि 55 मरीज उच्च खतरे वाले सील किये गये इलाकों से मिले हैं और ये सभी स्वास्थ्य टीमों द्वारा सघन जांच और संपर्क का पता लगाने के कारण सामने आ पाएं हैं। मुंबई के धारावी इलाके में बुधवार को कोरोना वायरस के दो और मामले सामने आए हैं संक्रमित लोगों की संख्या नौ हो गई है. एक निकाय अधिकारी ने बताया कि नए मरीजों में मुकुंद नगर इलाके का 25 साल का एक शख्स और धानवाडा चॉल का 35 साल का एक शख्स शामिल है।

रॉबर्ट वाड्रा ने पुलिसकर्मियों को मास्क बाँट कर जीता सबका दिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कोरोना वायरस को लेकर पूरे देश में लॉक डाउन लगा हुआ है। रोना वायरस से बचाव के लिए गरीबों को जरूरत की चीजें मिल भी नहीं पा रही है इसलिए और लोग अपनी अपनी स्वेच्छा से मदद को आगे आ रहे हैं।

देश के जरुरतमंदो की मदद करने में अग्रसर रहने वाले रॉबर्ट वाड्रा ने भी जरूरतमंदों की मदद के लिए दिल खोलकर आगे आए हैं।रॉबर्ट वाड्रा ने एक बार फिर सबका दिल जीत लिया है। कोरोना वायरस की वजह से अधिकतर लोग अपने घरो में है पर हमारी सुरक्षा के लिए तैनात सिक्योरिटी फोर्सेस अपनी जान की परवह किये बिना हमारी सुरक्षा में तैनात है। वाड्रा ने पुलिस के जवानो को मास्क बांटकर पुलिस के जवानो का होंसला बढ़ाया है। रॉबर्ट वाड्रा एक नेक दिल और बड़े हृदय वाले व्यक्ति हैं । उन्होंने पुलिस कर्मियों को मास्क बांटकर नेक काम किया है। उन्होंने इस

सन्दर्भ में एक ट्वीट भी किया जिसमे उन्होंने कहा की हमारी सुरक्षा दूसरी त्वचा की तरह है, और जैसा कि वे हमारी रक्षा करते हैं हमें उनकी रक्षा करने की आवश्यकता है। आज जब पूरा विश्व कोरोना वायरस की चपेट में है और भारत मे भी इस वायरस की वजह से लॉकडाउन लगा हुआ है तो यह सभी का फर्ज बनता है की सभी लोग एक दूसरे की मदद के लिए आगे आए हैं। वाड्रा ने मास्क बाँट कर सभी लोगो को ऐसा करने के लिए प्रेरित किया है। जिसका बहुत अच्छा सन्देश लोगो में जायेगा और पुलिस के जवानो का भी होंसला बढ़ेगा।

कोरोना से निपटने सरकार ने लॉन्च किया मैनेजमेंट ट्रेनिंग मॉड्यूल

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने एक मैनेजमेंट ट्रेनिंग मॉड्यूल की शुरूआत की है, जिसका इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल। ये पोर्टल दीक्षा प्लेटफॉर्म से संबंधित है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि हम कोविड-19 को देशव्यापी लेवल पर मॉनीटर करना चाहते हैं। तो उसी के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कोविड-19 मैनेजमेंट के लिए एक ट्रेनिंग मॉड्यूल लॉन्च किया है जिसका नाम है इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल। ये पोर्टल दीक्षा प्लेटफॉर्म से संबंधित है। इस प्लेटफॉर्म के द्वारा डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स और साथ ही राज्य के अधिकारी गण, सिविल डिफेंस अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों को और फ्रंटलाइन वर्कर्स को जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

कोरोना संक्रमितों की संख्या पांच हजार पार

बुधवार को देशभर में कोरोना का आंकड़ा बढ़कर 5194 हो गया। वहीं, कोविड-19 महामारी से अब तक देशभर में जहां 149 लोग जान गंवा चुके हैं और 401 लोग पूरी तरह से ठीक हो गए हैं उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

सांसदों के वेतन में एक साल तक 30 फीसदी कटौती का अध्यादेश लागू

» राष्ट्रपति ने लगाई केबिनेट के प्रस्ताव पर मुहर

नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में कटौती का अध्यादेश को जारी कर दिया। इसके तहत वेतन में 30 फीसदी की कटौती की जाएगी। यह कटौती एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी।

दरअसल केंद्र सरकार ने सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में सांसदों के वेतन से जुड़े कानून में एक छोटे से संशोधन को मंजूरी दी थी। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही यह अध्यादेश लागू हो गया। मसलन संसद सदस्यों का वेतन, भत्ते एवं पेंशन (संशोधन) अध्यादेश 2020 तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। अध्यादेश के माध्यम से संसद सदस्यों के वेतन, भत्ता एवं पेंशन अधिनियम 1954 में एक नई उप धारा को जोड़ा गया है, जो तनख्वाह को कम करने से संबंधित है। नए प्रावधान के अनुसार कोरोना के खिलाफ जंग के लिए वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए और चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए सांसदों का वेतन एक साल के लिए 30 फीसदी कम किया गया है, यह नियम एक अप्रैल 2020 से प्रभावी किया गया है।

आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी पर सख्त केंद्र सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ कड़े कानून के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। इसने कहा कि राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के मद्देनजर उत्पादन में कमी और श्रम संकट के चलते इस तरह के कृत्यों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा, गृह मंत्रालय ने 21 दिन के लॉकडाउन की अवधि में आपदा प्रबंधन कानून के तहत खाद्य पदार्थों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों जैसी आवश्यक वस्तुओं के संदर्भ में उत्पादन, परिवहन और अन्य संबंधित आपूर्ति श्रृंखला गतिविधियों की मंजूरी दे दी है। हालांकि विभिन्न कारकों, खासकर श्रम आपूर्ति में कमी की वजह से उत्पादन में कमी की खबरें हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में, आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी, अनुचित व्यापार और इन्हें अधिक दाम में बेचने की

संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भल्ला ने राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों से आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू कर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि कदमों में भंडारण सीमा तय करने, मूल्य सीमा निर्धारित करने, उत्पादन बढ़ाने, डीलरों के खातों की जांच करने और अन्य उपाय शामिल हैं। भल्ला ने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आने वाले अपराधों में दोषी पाए जाने पर सात साल की कैद या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अपराध करने वालों को कालाबाजारी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के रखरखाव निवारण अधिनियम, 1980 के तहत हिरासत में रखने पर विचार कर सकते हैं। गृह सचिव ने कहा कि उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय 30 जून 2020 तक आवश्यकता या केंद्र सरकार की पूर्व सहमति में ढिलाई देते हुए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आदेश अधिसूचित करने को अधिकृत कर रहा है।

फसलों की कटाई हेतु लॉकडाउन में दी जाए ढीलः राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि फसलों की कटाई के लिए लॉकडाउन के दौरान सुरक्षित तरीके से ढील देनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया कि रबी की फसल खेतों में तैयार खड़ी है लेकिन लॉकडाउन के कारण कटाई का काम मुश्किल है। राहुल ने कहा कि सैकड़ों किसानों की आजीविका ख़तरे में है।